# शकुंतला विवि में पार्ट टाइम PhD

## आवेदन फॉर्म जारी, चुनना होगा पार्ट टाइम का विकल्प

**NBT रिपोर्ट, लखनऊः** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में इस साल से पार्ट टाइम पीएचडी भी शुरू होगी। विवि की ओर से पीएचडी प्रवेश के लिए शनिवार को आवेदन फॉर्म जारी किया गया है। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। पार्ट टाइम पीएचडी का विकल्प आवेदन के समय ही अभ्यर्थियों चुनना होगा। पार्ट टाइम पीएचडी के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए भी यूजीसी नेट अनिवार्य है। नेट के स्कोर कार्ड के आधार पर ही पीएचडी की सीटों पर दाखिला दिया जाएगा।

अब तक शहर में सिर्फ लखनऊ विश्वविद्यालय में ही पार्ट टाइम पीएचडी हो रही है। जिससे वर्किंग प्रफेशनल भी काम के साथ साथ पीएचडी कर सकते हैं। यूजीसी की ओर से सभी विवि में इसे शुरू करने की बात कही गई है। इसी के तहत शकुंतला विवि ने भी इसे शुरू करने का निर्णय लिया है।

विवि के प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि फुल टाइम पीएचडी की इस बार देश के छात्रों के लिए कुल 111 सीटें विज्ञापित की गई है, जबकि पार्ट टाइम पीएचडी के लिए कुल 15 सीटें निर्धारित हैं। जबकि 124 सीटें इस बार विदेशी छात्रों के लिए आरक्षित की गई हैं। हालांकि इन छात्रों को यूजीसी नेट की अनिवार्यता से छूट दी गई है।

### पार्ट टाइम की 15 सीटें

- इंग्लिश 2
- कॉमर्स 1
- मैनेजमेंट 2
- फिजिक्स 1
- आईटी 1
- विजुअली इंपेयर्ड 2
- हियरिंग इंपेयर्ड 1
- इंटेलेक्चुअली डिसेबल 1
- पॉलिटकल साइंस में 1
- इकॉनमिक्स में 2
- हिस्ट्री 1

## एक नजर

### आठ पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों को सरकार देगी पुरस्कार

अमृत विचार, लखनऊ : झारखंड में आयोजित छठवें नेशनल पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप प्रतियोगिता के विजेताओं को उत्तर प्रदेश सरकार ने नकद धनराशि से पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की। जिनमें डॉ . शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अध्ययनरत 8 पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों को सरकार को कुल पंद्रह लाख रुपये देगी। विवि प्रशासन ने बताया कि पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में छात्र शशांक कुमार, सिराजुद्दीन अहमद ,हामिद सलमानी, कनक सिंह, रुचि त्रिवेदी, सर्वेश ,आफरीन बानो और अबू हुबैदा ने पदक जीत कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया था।

### रोवर्स रेंजर्स को मिला तृतीय पुरस्कार

3

काय

अम
शनि
किं
पसी
खि
कर
एक
लख
के
नेट्
की